**न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर**
**पीठासीन अधिकारी – श्री जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर , प्रशिक्षु आई.ए.एस.**

**वादपत्र संख्या 070 / 2021**
**अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम, 136 एल आर एक्ट**

1. बलविन्द्र सिंह पुत्र स्व0 जीत सिंह जाति जटसिख आयु 61 वर्ष निवासी– 2 एच सैकिण्ड छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर। ....वादी

ब नाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, श्रीगंगानगर। .... प्रतिवादी

उपस्थित– श्री बलकरण सिंह बराड़ (वादी)
पैरोकार राज (प्रतिवादी)

**दिनांक 13 फरवरी, 2023**

**–निर्णय–**

वाद पत्र के तथ्यों के अनुसार वादी के पिता स्वर्गीय जीत सिंह के नाम से चक 2 एच छोटी के खाता संख्या 41 / 43 मुरब्बा नम्बर 6, 10 व 12 में कुल 14.887 हैक्टे0 नहरी कृषि के मुश्तरका खाता में 95 / 2481 हिस्सा राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। वादी के पिता जीत सिंह का दिनांक 07.03.2020 को देहान्त हो चुका है जिनके वारिसान श्रीमती भजन कौर पत्नी श्री बलवीर सिंह फौत जिनके वारिसान श्रीमती जसविन्द्र कौर, सुखप्रीत सिंह, बलविन्द्र सिंह पुत्र कुलवीर सिंह पुत्र, सुखविन्द्र कौर पुत्री, कुलवन्त सिंह पुत्र विधिक वारिसान है। स्वर्गीय जीत सिंह द्वारा अपने जीवन काल में दिनांक 06.09.1982 को मद संख्या 02 में दर्ज कृषि भूमि की खरीद जरिये बैयनामा रजिस्टर्ड की थी। वादी के पिता द्वारा जरिये बैयनामा दिनांक 06.09.1982 का इन्तकाल अपने नाम से दर्ज करवाया गया जिसके बाद जमाबन्दी सम्वत् 2050–2053 तक वादी के पिता का नाम जीत सिंह राजस्व रिकार्ड में अंकित रहा। संहवन से जब जमाबन्दी 2054–2057 तैयार हुई तो राजस्व कर्मचारियों से लिपिकीय त्रुटिवश वादी के पिता का नाम जीत सिंह से जीता सिंह दर्ज हो गया तो एक लिपिकीय त्रुटि है, जो कानूनी रूप से सुधार योग्य है। वादी के स्वर्गीय पिता जीत सिंह के जीवनकाल में उनकी समस्त आई डी जीत सिंह पुत्र श्री जगत सिंह के नाम से ही केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के रिकार्ड में दर्ज है। स्वर्गीय जीत सिंह का भारत निर्वाचन आयोग का पहचान पत्र आर जे /01/007/459556 दिनांक 15.04.1995, आधार कार्ड संख्या 650433729952, राशन कार्ड, परिवार राशन कार्ड, पंजाब एण्ड सिंध बैंक का बचत बैंक खाता एवं के सी सी खाता की समस्त फोटो प्रति सलंग्न वाद पत्र है। वादी के पिता की मृत्यु के बाद विरासतन इन्तकाल पटवारी हल्का से दर्ज करवाने के समय उक्त लिपिकीय त्रुटि का ज्ञान हुआ जिससे वाद पत्र अन्दर मियाद है। जीता सिंह से जीत का नाम दुरूस्ती से अन्य मुश्तरका खाता के सह–काश्तकारों के अधिकारों पर किसी भी प्रकार का विपरित प्रभाव नहीं पडेगा। वादग्रस्त कृषि भूमि चक 2 एच छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर में स्थित है जो कि श्रीमान् न्यायालय के क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार में है।

अतः वाद वादी पेश कर निवेदन किया गया कि वादी के हक में निम्न प्रकार से वाद डिक्री फरमाया जावे।

(क) चक 2 एच छोटी के खाता संख्या 41 / 43 मुरब्बा नम्बर 6, 10 व 12 में कुल 14.887 हैक्टे0 नहरी कृषि भूमि के मुश्तरका खाता में 95 / 2481 हिस्सा राजस्व रिकार्ड की चालू जमाबन्दी सम्वत् 2070–2073 में जीता सिंह के स्थान पर जीत सिंह अंकन किया जावे।

दिनांक 08.02.2023 को जवाब राज्य पक्ष प्रस्तुत।

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक दण्डनायक श्रीगंगानगर

Scanned with OKEN Scanner

वकील वादी द्वारा वादी के पिता स्वर्गीय जीत सिंह का भारत निर्वाचन आयोग का पहचान पत्र आर जे /01/007/459556 दिनांक 15.04.1995, आधार कार्ड संख्या 650433729952, राशन कार्ड, परिवार राशन कार्ड, पंजाब एण्ड सिंध बैंक का बचत बैंक खाता एवं के सी सी खाता की समस्त फोटो प्रति, जमाबन्दी सम्वत् 2050–2053 चक 2 एच छोटी द्वितीय, बैयनामा दिनांक 06.09.1982 प्रस्तुत किये। जिससे सिद्ध होता है कि जब जमाबन्दी 2054–2057 तैयार हुई तो संहवन से राजस्व कर्मचारियों से लिपिकीय त्रुटिवश वादी के पिता का नाम जीत सिंह से जीता सिंह दर्ज हो गया तो एक लिपिकीय त्रुटि है, जो कानूनी रूप से सुधार योग्य है।

## आदेश

वकील प्रार्थी को सुना गया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यो एवं अभिलेखीय साक्ष्यो का अवलोकन किया गया। अभिलेखीय साक्ष्य स्वरुप वादी के पिता स्वर्गीय जीत सिंह का भारत निर्वाचन आयोग का पहचान पत्र आर जे /01/007/459556 दिनांक 15.04.1995, आधार कार्ड संख्या 650433729952, राशन कार्ड, परिवार राशन कार्ड, पंजाब एण्ड सिंध बैंक का बचत बैंक खाता एवं के सी सी खाता की समस्त फोटो प्रति, जमाबन्दी सम्वत् 2050–2053 चक 2 एच छोटी द्वितीय, बैयनामा दिनांक 06.09.1982 प्रस्तुत किये जिनमें वादी के पिता का नाम जीत सिंह दर्ज है।

अतः चक 2 एच छोटी के खाता संख्या 41/43 मुरब्बा नम्बर 6, 10 व 12 में कुल 14.887 हैक्टे0 नहरी कृषि भूमि के मुश्तरका खाता में 95/2481 हिस्सा राजस्व रिकार्ड की चालू जमाबन्दी सम्वत् 2070–2073 में वादी के पिता का नाम जीता सिंह के स्थान पर जीत सिंह अंकन किया जावे। निर्णय की एक प्रति तहसीलदार(राजस्व) श्रीगंगानगर को नियमानुसार नाम दुरूस्ती करने हेतु प्रेषित हो यथा स्टाम्प शुल्क प्रस्तुत करने पर पर्चा डिक्री जारी हो।

निर्णय खुले खुले न्यायालय में सुनाया जाकर मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 13 फरवरी, 2023 को जारी किया गया।

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर
प्रशिक्षु आई.ए.एस.
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक)
श्रीगंगानगर

डिक्री
(ORDER 20 RULE 6-7 CPC)

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर
पीठासीन अधिकारी – श्री जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर , प्रशिक्षु आई.ए.एस.

वादपत्र संख्या 070/2021
अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम, 136 एल आर एक्ट

1. बलविन्द्र सिंह पुत्र स्व0 जीत सिंह जाति जटसिख आयु 61 वर्ष निवासी+ 2 एच सैकिण्ड छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर। .... वादी

ब ना म

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, श्रीगंगानगर। .... प्रतिवादी

उपस्थित– श्री बलकरण सिंह बराड़ (वादी)
पैरोकार राज (प्रतिवादी)

दिनांक 13 फरवरी, 2023

वादपत्र संख्या 070/2021
अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम, 136 एल आर एक्ट

प्रकरण में न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर द्वारा वादी अधिवक्ता श्री बलकरण सिंह बराड़ व पैरोकार राज प्रतिवादी– 01 की उपस्थिति में आदेश दिया जाता है कि –

चक 2 एच छोटी के खाता संख्या 41/43 मुरब्बा नम्बर 6, 10 व 12 में कुल 14.887 हैक्टे0 नहरी कृषि भूमि के मुश्तरका खाता में 95/2481 हिस्सा राजस्व रिकार्ड की चालू जमाबन्दी सम्वत् 2070–2073 में वादी के पिता का नाम जीता सिंह के स्थान पर जीत सिंह अंकन किया जाता है। अतः डिक्री जारी की जाती है।

रूपये ...शून्य ....वास्ते...शून्य. ....खर्चा इस प्रकरण पर हुऐ व्यय मय ब्याज..शून्य.....दर वार्षिक ..शून्य .....आज की तिथि से वसूली दिवस तक अदा करें

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 13 फरवरी, 2023 को जारी की गयी।

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर
प्रशिक्षु आई.ए.एस.
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक)
श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) श्रीगंगानगर

Scanned with OKEN Scanner

| वादी | राशि (00.00) | प्रतिवादी | राशि (00.00) |
|---|---|---|---|
| स्टाम्प वादपत्र | 00.00 | स्टाम्प वकालतनाम | 00.00 |
| स्टाम्प वकालतनाम | 00.00 | स्टाम्प आवेदनपत्र | 00.00 |
| स्टाम्प अभिलेखीय साक्ष्य | 00.00 | वकील शुल्क | 00.00 |
| वकील शुल्क | 00.00 | व्यय साक्षीगण | 00.00 |
| व्यय साक्षीगण | 00.00 | आयुक्त शुल्क | 00.00 |
| आयुक्त शुल्क | 00.00 | व्यय इजराय | 00.00 |
| **कुल** | **00.00** | **कुल** | **00.00** |
| | | | |

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर
प्रशिक्षु आई.ए.एस.
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक)
श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर कार्यालय
(फास्ट ट्रैक) श्रीगंगानगर